ESM जानकारी शीट

VICTORIAN BUILDING AUTHORITY



आवश्यक सुरक्षा उपाय (ESM) क्या हैं और वे आवश्यक क्यों हैं?









अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए VBA वेबसाइट vba.vic.gov.au/cladding देखें या 1300 815 127 पर हमें कॉल करें

आवश्यक सुरक्षा उपाय

आवश्यक सुरक्षा उपाय (ESMs) वे सुरक्षा उपाय हैं जिनकी आवश्यकता बिल्डिंग में आग लगने की घटना में वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित रखने के लिए होती है।

ESM में आग का पता लगाना और अलार्म प्रणाली, आग फैलने से रोकने के लिए बनाए गए दरवाज़े, आपाकालीन प्रकाश व्यवस्था और आग बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था शामिल हो सकते हैं।

ओनर्स कॉरपोरेशन (Owners Corporations) बिल्डिंग के ESM के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। अगर आग लगती है, तो अच्छी प्रकार से बनाए गए ESM, निवासियों को बिल्डिंग से निकलने का ज़्यादा समय देते हैं और आग के फैलने का खतरा कम हो जाता है। ESM को नियमित देखभाल और रखरखाव की आवश्यकता होती है।

ESM को बनाए रखना

बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोगों का दायित्व बनता है कि वे सभी रास्तों का सुलभ, कार्यात्मक और अवरोध -मुक्त होना सुनिश्चित करें।

आपके ओनर्स कॉरपोरेशन मैनेजर (Owners Corporation Manager) मालिकों की ओर से ESMs का नियमित परीक्षण और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं। इमारत का रखरखाव और सर्विसिंग ESMs की अच्छी समझ-बूझ रखने वाले पेशेवर द्वारा की जानी चाहिए।

आपको यह भी पता होना चाहिए कि:

- मुख्य अग्नि शमन अधिकारी या आपके नगरपालिका बिल्डिंग सर्वेक्षणकर्ता (municipal building surveyor - MBS) द्वारा अनुरोध करने और 24 घंटे का नोटिस दिए जाने के बाद वार्षिक ESM रिपोर्ट निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- यदि बिल्डिंग निर्माण कार्य में किसी मौजूदा बिल्डिंग में बदलाव करने का प्रस्ताव है, तो इसका प्रभाव ESMs पर पड़ सकता है, इसलिए बिल्डिंग विधेयक 1993 (Building Act 1993) और बिल्डिंग विनियम 2018 (Building Regulations 2018) का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु क्या आवश्यक है, इसकी जानकारी के लिए किसी MBS या निजी बिल्डिंग सर्वेक्षणकर्ता से परामर्श किया जाना चाहिए।

यदि कोई मालिक अनुपालन नहीं करता है तो क्या होता है?

इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि अनुपालन नहीं होने पर न केवल बिल्डिंग में रहने वालों के लिए जोखिम पैदा होते हैं, बल्कि राहगीरों और आसपास के बिल्डिंग पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।

लॉगबुक भरना आवश्यक है और इसका अनुपालन नहीं करने पर दंड का भुगतान करना होगा।

अनुपालन नहीं करने पर आपकी परिषद या अग्नि प्राधिकरण द्वारा उल्लंघन नोटिस जारी किया जा सकता है। व्यक्तियों के मामले में इस जुर्माने की राशि $290 से लेकर $17,000 से अधिक तक हो सकती है, जबकि कंपनी के मामले में यह राशि $88,000 से अधिक हो सकती है।

अतिरिक्त जानकारी

यदि आप ESMs के अनुपालन के बारे में कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं तो कृपया अपनी स्थानीय अग्निशमन सेवा के अग्नि सुरक्षा विभाग या अपने स्थानीय MBS से संपर्क करें।

आवश्यक सुरक्षा उपाय

VICTORIAN BUILDING AUTHORITY

ESMs किसी आपात स्थिति जैसे आग से बचाव हेतु पहली पंक्ति के सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करते हैं।



ESMs में बिल्डिंग में रहने वालों की सुरक्षा के लिए अग्नि सुरक्षा प्रणालियाँ स्थापित करना शामिल है



इनमें निकास द्वार, आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था, निकास संकेत और फायर हाइड्रेंट भी शामिल हैं

पर्याप्त रखरखाव से कोई आपात स्थिति पैदा होने पर ESMs का विश्वसनीय कार्यान्वन सुनिश्चित होगा

ओनर्स कॉरपोरेशन मैनेजरों को मालिकों की ओर से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ESM अद्यतित हैं और उनका नियमित रूप से परीक्षण किया जाता है

अनुपालन नहीं करने पर बिल्डिंग में रहने वाले लोगों, राहगीरों और आसपास की इमारतों को खतरा पैदा होता है

अनुपालन नहीं करने पर जुर्माना हो सकता है

बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोगों का दायित्व बनता है कि वे आने जाने वाले सभी रास्तों का सुलभ, कार्यात्मक और अवरोध-मुक्त होना सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए

यहां जाएं: vba.vic.gov.au/cladding

कॉल करें: 1300 815 127

VICTORIA State Government

ज्वलनशील क्लैडिंग आवरण के आसपास सुरक्षित रहना

VICTORIAN BUILDING AUTHORITY

चाहे आप बिल्डिंग के निवासी हों, मालिक हों, या बिल्डिंग प्रबंधक हों, अग्नि सुरक्षा में सभी की भूमिका है।

किसी बिल्डिंग के बाहरी भाग पर ज्वलनशील क्लैडिंग होने का मतलब यह नहीं है कि आपकी बिल्डिंग असुरक्षित है। हालाँकि, आग लगने पर ज्वलनशील क्लैडिंग इस आग के फैलने में योगदान दे सकता है। इससे न केवल इमारत में रहने वाले लोग प्रभावित होते हैं, बल्कि पास खड़े लोगों और आसपास की इमारतों पर भी प्रभाव पड़ता है।

आग के जोखिम को कम करने के लिए आपको कुछ सरल उपायों का पालन करना चाहिए, जो आपको, आपके पड़ोसियों और आपके परिवार को सुरक्षित रखेगा।

पहले ही योजना बनाएं

धुंए वाले अलार्म की जांच करें
सुनिश्चित करें कि वे ढके हुए या डिस्कनेक्टड नहीं हों



आग वाले दरवाज़ों की जाँच करें
सुनिश्चित करें कि ये दरवाज़े हमेशा अवरोध -मुक्त हों और इन्हें बिना ताले के बंद रखा जाए



बिखरे हुए सामान को हटाएँ
बालकनियों, हॉलवे और निकासी मार्ग से गंदगी और बिखरे हुए सामान का हटाया जाना सुनिश्चित करें



अपनी अग्नि बचाव योजना के बारे में जानें
अपनी बिल्डिंग की निकासी योजना की जानकारी रखें

अपनी बालकनी को सुरक्षित बनाकर आग फैलने का खतरा कम करें



अपने BBQ को अलग थलग रखें
अपने BBQ का दीवारों, कपड़ों और अन्य सामग्रियों से कम से कम 50 सेमी दूर होना सुनिश्चित करें



अपनी सिगरेट पूरी तरह से बुझाएं
किसी भारी, ऊंची साइडों वाली ऐशट्रे (कांच, चीनी मिट्टी या धातु से बनी हुई) का उपयोग करें



एयर कंडीशनिंग इकाइयों को अलग-थलग रखें
कपड़े और अन्य सामग्री का कम से कम 1 मीटर दूर रखा जाना सुनिश्चित करें

गैस की बोतलों को अलग-थलग रखें
गैस की बोतलों का बाहर, गर्मी के स्रोतों से दूर और सीधा रखा जाना सुनिश्चित करें

इन उपायों में से अधिकांश उपाय सरल- स्पष्ट हैं, सामान्य बुद्धिमता के परिचायक हैं और सभी की सुरक्षा बनाये रखने में काफी कारगर हैं।

आपके अपार्टमेंट में आग लगने पर आपको बिल्डिंग के सभी निवासियों को सतर्क करने और निम्न सुरक्षा उपाय करने की ज़रूरत है:

- सुरक्षित रूप से इमारत से बाहर निकलें और 000 डायल करें। ऑपरेटर को अपने यहां आपात स्थिति और आप कहाँ रहते हैं, इसकी जानकारी दें और बताएं कि आपको सहायता चाहिए।
- निकासी बिंदु पर इकठ्ठा हों और अग्नि शमन दल के आने की प्रतीक्षा करें।
- यदि आपको लगता है कि आग लगने की स्थिति में आप अग्नि शमन यंत्र का उपयोग करने में सक्षम हैं, तो जानें कि वे कहाँ स्थित हैं और उनका उपयोग कैसे किया जाता है।

VICTORIA State Government

vba.vic.gov.au/cladding